मिनट्स

दिनांक 28.10.21 को मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में माननीय सदस्यों द्वारा दिये गये सुझाव ।

दिनांक 28.10.2021 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई । इस बैठक में माननीय सदस्यों द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण सुझाव निम्न हैं –

	श्रीमती सुनीता सिंह राठौर
1.	सण्डीला रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का संचालन किया जाये।
2.	आरक्षण कन्फर्म कराने की सुविधा समिति के सदस्यों को प्रदान किया जाये।
3.	**श्री महेश बाल्मीकि**
4.	लखनऊ मेल एवं ए0सी0 स्पेशल ट्रेनों की 3ए0सी0 की बर्थों की चौडाई पहले की अपेक्षा कम हो गयी है उसे बढाया जाये।
5.	**श्री आर0एन0 त्रिपाठी**
6.	सदस्यों के क्या–क्या अधिकार हैं, की जानकारी भी पहचान–पत्र देते समय दी जाये।
7.	समिति के सदस्यों की नाम पट्टिका मोबाइल नम्बर के साथ उनसे संबंधित स्टेशनों पर लगायी जाये।
8.	समिति की बैठक वर्ष में कम से कम तीन बार की जाये।
9.	लखनऊ मण्डल में आने वाले जेड0आर0यू0सी0सी0 के सदस्यों को भी मीटिंग में बुलाया जाये।
10.	आलमबाग में स्थित रेलवे कालोनियों की स्थिति बहुत जर्जर अवस्था में है। इसको ठीक कराया जाये।
11.	चलती हुई ट्रेनों में सफाई की व्यवस्था करायी जाये।
	श्रीमती प्रर्मिला अरोड़ा
1.	मवइया रेलवे पुल के नीचे ट्रेनों के आवागमन के दौरान गिरने वाली गंदगी को रोकने की व्यवस्था की जाये।
2.	पुष्पक ट्रेन में शौचालय की व्यवस्था ठीक करायी जाये। इसमें 1ए0सी0 में शौचालय का फ्लश ठीक ढंग से कार्य नहीं कर रहा है उसे ठीक कराया जाये।
3.	मानक नगर रेलवे स्टेशन एवं अमौसी रेलवे स्टेशन के बाहर सब्जी एवं ठेले वालों का अतिक्रमण लगा रहता है इसे दूर किया जाये।
	श्रीमती रीना विक्रम सिंह
1.	समिति के सदस्यों को रेलवे आवागमन के लिए पास की सुविधा दी जाये।

	श्री शैलेश कुमार पाण्डेय
1.	बाबतपुर एयरपोर्ट पर आरक्षण काउन्टर खोला जाये।
2.	बाबतपुर रेलवे स्टेशन पर बन रहे एफ0ओ0बी0 की क्या स्थिति है।
3.	समिति के सदस्यों की नाम पट्टिका मोबाइल नम्बर के साथ उनसे संबंधित स्टेशनों पर लगायी जाये।
4.	मडियाहूं रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउन्टर अक्सर बंद रहता है उसके खुलने एवं बंद होने का समय निर्धारित किया जाये।
5.	सुहेलदेव एक्सप्रेस का ठहराव मडियाहूं स्टेशन पर किया जाये।
6.	वरूणा एक्सप्रेस का संचालन बंद है उसे या उसके स्थान पर दूसरी ट्रेन चलायी जाये।
7.	वरूणा एक्सप्रेस को शिवपुर स्टेशन से चलाया जाये।
8.	मडियाहूं स्टेशन पर एफ0ओ0बी0 बनाया जाये।
9.	कोविड–19 के कारण वर्तमान समिति का जो कार्यकाल कम हो गया है उसे बढ़ाया जाये।
	श्री बुधी लाल पासी
1.	रायबरेली स्टेशन पर खानपान की जो कैंटीन है वह बंद है, उसे चलाया जाये।
2.	छरियापुर एवं लक्ष्मणपुर के बीच जमौली के पास बने अन्डर पास में पानी का भराव बना रहता है। वहां से पानी निकासी के लिए एक पम्पिंग सेट लगाया जाये।
3.	ऊंचाहार में बने एफ0ओ0बी0 के नीचे का रास्ता पूरी तरह से बंद न किया जाये।
4.	रायबरेली स्टेशन के मुख्य द्वार पर जो सौन्द्रीयकरण का कार्य किया जा रहा था वह बंद है उसे चालू कराया जाये।
5.	पैन्ट्रीकार में बिना शक्कर की चाय उपलब्ध नहीं रहती है इसे उपलब्ध कराया जाये।
	विरेन्दर रावत
1.	लखनऊ–सुलतानपुर स्टेशन के मध्य स्थित गेट संख्या 181,182, 183 एवं 184 पर गेटमैन एवं स्टेशन मास्टर आपसी सामंजस्य न होने के कारण ट्रेने आउटर पर काफी देर तक खड़ी रहती है इस विसंगति को दूर किया जाये।
	विनय प्रताप सिंह
1.	समिति के सदस्यों को मीटिंग में भाग लेने के अतिरिक्त और क्या–क्या अधिकार है।
2.	क्या समिति के सदस्यों को रेलवे स्टेशनों पर निरीक्षण करने का अधिकार है।
	अन्जनी श्रीवास्तव
1.	लखनऊ स्टेशन पर पूरे प्लेटफार्मों पर शेड की व्यवस्था नहीं है।
2.	लखनऊ रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1 को छोड़कर शेष किसी भी प्लेटफार्म पर शौचालय की व्यवस्था नहीं है।
3.	लखनऊ रेलवे स्टेशन पर लगे कोच गाइडेंस डिस्प्ले की व्यवस्था सभी प्लेटफार्मो पर सुचारू रूप से कार्यरत नहीं है। इसे ठीक ढंग से चालू कराया जाये।
4.	लखनऊ रेलवे स्टेशन पर चढ़ने के लिए तो स्वचालित सीढ़ियां है लेकिन उतरने के लिए स्वचालित सीढ़िया नहीं है।

5.	मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन के पास बने रेलवे क्रासिंग का फाटक शाम को पांच बजे बंद हो जाता है और सुबह खुलता है।
6.	चारबाग रेलवे स्टेशन पर एवं पार्सल घर के पास कई जगह मोटरसाइकिल खड़ी रहती है, उसे हटाने की व्यवस्था करायी जाये।
7.	कर्मचारियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाये।
8.	मानकनगर रेलवे स्टेशन के बाहर अतिक्रमण को दूर किया जाये।
9.	चारबाग रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार की तरफ जाम की समस्या बनी रहती है, इसे दूर किया जाये।
10.	चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के पीने के लिए आर0ओ0 पानी की व्यवस्था की जाये।
	सुनील मिश्रा
1.	समिति के सदस्यों द्वारा मीटिंग के अतिरिक्त अपनी समस्याएं किसको लिखकर दिया जाये।
2.	ट्रेनों में मिलने वाली चादर एवं तकिया गीली रहती है।
3.	दिलकुशा क्रासिंग पर एफ0ओ0बी0 बनाया जाये।
4.	लक्ष्मणपुरी क्रासिंग पर एफ0ओ0बी0 बनाया जाये।
	जंगबहादुर सिंह
1.	रायबरेली एवं कानपुर के मध्य चलने वाली पैसेन्जर ट्रेनें बंद है। इन्हें चलाया जाये।
2.	रायबरेली एवं कानपुर के मध्य वर्तमान में चलने वाली ट्रेनों का ठहराव बीच के स्टेशनों पर भी दिया जाये।
	संजय शुक्ला
1.	उन्नाव स्टेशन पर शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाये।
2.	लखनऊ–कानपुर के मध्य पड़ने वाले हरौनी,जैतीपुर, अजगैन एवं कानपुर ब्रिज पर पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग के फाटक बंद होने से अक्सर जाम लगता है। इसका निराकरण किया जाये।
3.	कानपुर–उन्नाव–प्रयाग के मध्य चलने वाली जो ट्रेनें बंद है उनको फिर से चलाया जाये।
4.	कानुपर–बालामऊ के मध्य पड़ने वाले बांगरमऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव दिया जाये।
5.	रायबरेली – उन्नाव स्टेशन के मध्य पड़ने वाले अचलगंज, मौरांवा, लालगंज एवं सेमई आदि जगहों पर एफ0यू0बी0 बनाया जाये।
6.	बैसवारा को स्टेशन के रूप में विकसित किया जाये।

7.	रावतपुर एवं अचलगज स्टेशनों पर पीने के पानी आदि की सुविधाएं प्रदान की जाये।
8.	बीघापुर रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउन्टर की सुविधा प्रदान की जाये।
	मनोज कुमार श्रीवास्तव
1.	फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर स्थिति अमानती घर की स्थिति बहुत ही जर्जर है। इसे ठीक कराया जाये।
2.	फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर स्थिति प्लेटफार्म संख्या 1 पर स्थित लिफ्ट, एस्केलेटर एवं एफ0ओ0बी0 को शेड से जोड़ा जाये।
3.	फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर स्थिति द्वितीय श्रेणी के प्रतिक्षालय में बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है। उचित व्यवस्था उपलब्ध करायी जाये।
4.	फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर स्थिति प्रथम श्रेणी के प्रतीक्षालय में बैठने के लिए सीमेंट की बेंचें बनी है जिन्हें हटाकर बैठने के लिए अच्छी बेंचों की व्यवस्था की जाये।
5.	फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर एक वी0आई0पी0 लॉन्ज की व्यवस्था की जाये।
6.	फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1 पर स्थित भोजनालय बंद है। इसे चालू कराया जाये।
7.	फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर सुबह एवं शाम के समय टेम्पों एवं टैक्सी की अत्यधिक भीड़ होने के कारण यात्रियों को परेशानी होती है। इसे दूर किया जाये।
8.	फैजाबाद जंक्शन के समक्ष रेल भूमि को विकसित कर व्यवसायिक काम्पलेक्स के निमार्ण की कार्य योजना तैयार कर निर्माण किया जाये।
	अजय कुमार वाजपेयी
1.	नई दिल्ली से चलकर लखनऊ की ओर आने वाली गाड़ियां अक्सर आउटर पर खड़ी रहती है। इस समस्या को दूर किया जाये।